# पैसों के विवाद में होटल से युवक का अपहरण करने वाले 6 बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने बदमाशों का पीछा करके महज 4 घंटे में अपहृत युवक को छुड़वाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । लालकोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पैसों के विवाद में होटल से एक व्यक्ति के अपहरण के मामले में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी में सामने आया कि बदमाशों ने एमडी रोड सरफराज होटल से पीड़ित का अपहरण किया था। इधर अपहरण की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल बदमाशों का पीछा कर चार घंटे में सभी बदमाशों को को धर-दबोचा और अपहरण हुए व्यक्ति को उसके परिजनों को सुपुर्द किया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पैसों के विवाद में होटल से एक व्यक्ति के अपहरण के मामले में माहिर आजाद (20) ,अमन अहमद (19), शाहरुख खान(28) , अरशद अली (20) ,हसन(23) और साहिल अंसारी(22) को गिरफ्तार किया है और अपहरण करने वाले सभी बदमाश टोंक जिले के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उनका आपस में विदेश जाने को लेकर पैसा का विवाद था और उन्होंने एजेंट से पैसे दिलाने के लिए इन लोगों को बोला था। लेकिन ये नहीं माने तथा उसका जबरदस्ती अपहरण कर मारपीट की। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि पीड़ित मुख्यार कुरैशी (43) पुत्र अब्दुल अजीज निवासी नियर साई धाम काली बैरी भूरी बैरी सूर सागर थाना सूर सागर जिला जोधपुर ने लालकोठी थाने में मामला दर्ज करवाया था कि वह 9 अप्रैल को एमडी रोड स्थित सरफराज होटल में रुका हुआ था। जहां होटल में 7-8 लोग आए।



लालकोठी थाना पुलिस ने पैसों के विवाद में युवक का अपहरण करने वाले 6 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ पुलिस पूछताछ में सामने आया कि विदेश जाने को लेकर पैसों के विवाद में यह पूरी वारदात की गई

इनमें अमन, शाहिल, शाहरुख थे और बाकी के नाम वह नहीं जानता। जिन्होंने होटल से बाहर उसे बुलाया और बाहर खडी एक कार में जबरदस्ती डाल कर मारपीट करते हुए सांगानेर की तरफ ले गए। उसके साथ उसका लड़का अयान भी होटल में रुका हुआ था। जिसने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जयपुर सिटी में नाकेबंदी करवाई गई। इसके बाद पुलिस ने इन बदमाशों को पीछा कर पकड कर पीड़ित को बदमाशों के चंगुल से छुडाया।

# 'सटोरिए को धमकाकर पुलिस ने 25 लाख रुपए वसूल लिए'

## तीन कॉन्स्टेबल सस्पेंड, ए.एस.आई. समेत दो लाइन हाजिर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सटोरियों को धमकाकर पुलिसकर्मियों द्वारा 25 लाख रुपए हडपने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम (डीएसटी) साउथ के पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पांचों पर एक सटोरिए से 25 लाख रुपए लेने का आरोप है। पुलिस ने सटोरिए संदीप बच्यानी की रिपोर्ट पर डीएसटी साउथ के एएसआई नानूराम, हेड कॉन्स्टेबल हरिओम, कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, बुधराम, राजेश चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि परिवादी एक सटोरिया है। इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम गई थी। परिवादी ने हमें शिकायत दी है। पांच पुलिसकर्मियों ने उससे जबरन पैसा लिया है। 25 लाख रुपए वसूलने का आरोप लगाया गया है। इस पर तीन कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया। 2 को लाइन भेज दिया गया है। ये पांचों डीएसटी साउथ में तैनात थे। सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। शिवदासपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। इसकी जांच शुरू हो गई है।

शिवदासपुरा थाना थानाधिकारी बृज मोहन कविया ने बताया कि शिकायत मिलने पर सीनियर अधिकारियों के आदेश पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में पीड़ित संदीप ने बताया है कि पुलिसकर्मी जबरन घर पहुंचे। मुझे डरा धमकाकर अज्ञात व्यक्ति को 25 लाख रुपए दिलवाए। पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार नहीं करने और अन्य किसी भी तरह से परेशान नहीं करने की एवज में पैसा जबरन संदीप से लिया। पैसा देने के बाद संदीप ने जयपुर कमिश्नर को इस संबंध में लिखित शिकायत और सबूत दिए। इसके बाद एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस कमिश्नर ने शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश, बुधराम और राजेश चौधरी को सस्पेंड कर दिया है।

शिकायत देने वाले पीड़ित संदीप बच्यानी अलग-अलग इलाकों में सट्टे का काम करता था। संदीप कुछ समय से नानूराम और हरिओम के सम्पर्क में था। कुछ समय पहले दोनों ने उसे उस के घर के बाहर बुलाकर धमकाया और जबरन पैसा मांगा। संदीप ने पैसा देने के लिए मना किया तो उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी गई। इसके बाद संदीप ने पैसा तो दिया, लेकिन उस की शिकायत पुलिस कमिश्नर को भी दी।

## नशीली गोलियां खिलाकर विवाहिता से दुष्कर्म किया

**जयपुर** । गांधी नगर थाना इलाके में परिचित युवक द्वारा एक विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित ने धोखे से नशीली गोलियां खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। वहीं आरोपित ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा है। इससे परेशान होकर थाने में पीड़िता ने आरोपी परिचित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि गांधी नगर की रहने वाली 27 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका परिचित होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत थी। आरोप है कि 8 फरवरी को आरोपी उसके घर आया। खुद की पत्नी की बीमारी के बहाने कुछ रुपए उधार मांगे। दवा के लिए रुपए उधार देने के बाद कॉल करने के लिए आरोपी ने मोबाइल मांगा। मोबाइल देने पर आरोपी ने उसकी ईमेल आईडी हैक कर ली। ब्लैकमेल कर धोखे से नशीली गोलियां खिलाकर दुष्कर्म किया।

# घूमने निकले दम्पति से बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

## विद्याधर नगर इलाके में टी.पी.एस. चौराहे पर हुई वारदात

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । विधाधर नगर थाना इलाके में घर से घूमने निकले दंपती से लूट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बाइक पर आए बदमाशों ने पीछे से पकड़ गला दबाया और जान से मारने की धमकी देकर जेब से पर्स निकाल फरार हो गए। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई। लेकिन बाइक सवार लुटेरों का सुराग नहीं लगा।

■ पुलिस ने पीड़ित की सूचना पर नाकाबंदी भी करायी, परंतु बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा

पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर के रहने वाली रतन लाल (54) ने मामला दर्ज करवाया है किवह अपने घर से पत्नी उषा देवी के साथ पैदल-पैदल घूमने निकले था। इस दौरान विद्याधर नगर स्थित टीपीएस चौराहा पर एक बाइक पर दो लड़के आए और जहां एक बदमाश ने पीछे से गला दबाया। दूसरे ने बाइक आगे लगाकर मारने की धमकी दी। दोनों बदमाशों ने जेब में रखा पर्स निकाल धक्का देकर गिरा कर तेजी से बाइक लेकर फरार हो गए।

लूट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार लूटे गए पर्स में करीब 10 हजार रुपए व दस्तावेज रखे थे। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाल कर बाइक सवार बदमाशों की तलाश कर रही है।

## औद्योगिक संगठनों ने विद्युत दर घटाने का स्वागत किया

**जयपुर** । प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक संगठनों ने राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत टैरिफ याचिका में औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए विद्युत शुल्क को कम करने तथा उसे तर्कसंगत बनाने की दिशा में किए गए प्रस्तावों का स्वागत किया है। इन संगठनों ने डिस्कॉम्स चेयरमैन को पत्र लिखकर याचिका के बिन्दुओं की सराहना की और कहा कि विद्युत दरों के सरलीकरण से प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सोमानी तथा महासचिव पुष्प कुमार स्वामी ने कहा कि डिस्कॉम द्वारा नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत टैरिफ याचिका में पहली बार लगभग सभी श्रेणियों में विद्युत शुल्क कम करने का जनहितैषी निर्णय किया गया है। साथ ही, औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए मल्टीपल स्लेब्स के स्थान पर विद्युत दरों में एकरूपता प्रदान की गई है। विद्युत शुल्क को एकीकृत करने का यह प्रस्ताव एक सराहनीय कदम है।

फेडरेशन ऑफ राजस्थान होटल एसोसिएशन्स के उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि डिस्कॉम्स द्वारा मध्यम श्रेणी के औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिये विद्युत शुल्क की दरों को कम करके एकरूपता लाने का प्रयास सराहनीय है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली खपत का वास्तविक भुगतान ही करना होगा।

## सार-समाचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर जल भवन में यज्ञ



**हनुमान जयंती पर जल भवन स्थित देवालय में आयोजित यज्ञ में राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने आहूतियां दी।**

**जयपुर** । राजस्थान की राजधानी जयपुर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जल भवन स्थित सत्यम शिवम सुंदरम् देवालय में यज्ञ के साथ विशेष धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना एवं पवित्र यज्ञ का विधिवत रूप से आयोजन हुआ। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके शर्मा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भगवान हनुमान की भक्ति में समर्पित होकर सामूहिक रूप से उनका आशीर्वाद प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था बलवती होती है बल्कि सामाजिक एकता और सकारात्मकता का वातावरण भी निर्मित होता है एवं कार्यक्षेत्र में भी कुशलता आती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेन्द्र शर्मा, कृष्णेन्दु चटर्जी, सुशील शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, अमित शर्मा, सुरेश शर्मा, महेश झालानी, अजय मीणा, मुरलीधर बसरानी, राजेश गोयल, रवि कुमावत, दिनेश मीणा, प्रेम सिंह, राजेन्द्र सैनी, कपिल कुमावत, गेगराज सैनी, शशि प्रकाश शर्मा, पवन शर्मा,जितेंद्र जांगिड के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### 'कलयुग में नाम संकीर्तन सर्वोपरि'



**ललित संप्रदायाचार्य महंत संजय गोस्वामी ने गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में आयोजित भागवत कथा में कई प्रसंग सुनाए।**

**जयपुर** । आराध्य मंदिर श्रीराधगोविंददेवजी के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में चल रही भागवत कथा में ललित संप्रदायाचार्य महंत संजय गोस्वामी ने कहा कि, ''भागवत कथा सत्रह पुराणों का सार है यह कल्पवृक्ष अमृत फल है। जबकि वेद जल है, सत्रह पुराण उसकी शाखाएँ है, जो भागवत का श्रवण चिंतन करता है वह अमरता को प्राप्त करता है कथा से मनुष्य के अवगुण समाप्त हो जाते है तथा नाम संकीर्तन से ईश्वर की प्राप्ति संभव है। भगवान जल्दी प्रसन्न होते है। '' कलयुग केवल नाम अधारा सुमर सुमर होय भव पारा '' नाम संकीर्तन सारे पापों को सर्वथा नष्ट कर देता है और सभी प्रकार के दुखों से मुक्त कर देता है तथा सुदामा चरित्र और 24 गुरुओं की कथा के साथ भागवत चिट्ठा की कथा का रसपान भक्तों को कराया ।

### स्मैक तस्करी करने वाला गिरफ्तार



**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ भांकरोटा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर छोटु मासलपुरिया को गिरफ्तार कर पास से स्मैक 79 ग्राम 800 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ एवं परिवहन में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने भांकरोटा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर (28) निवासी दत्तवास जिला टोंक हाल सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से अवैध मादक पदार्थ 79 ग्राम 800 मिलीग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त 01 मोटरसाईकिल भी जब्त की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक महापुरा अजमेर रोड से खरीदकर लाता है और जयपुर शहर में वाटिका रोड पर सप्लाई करता है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# अवैध हथियार लेकर घूम रहे दो बदमाश गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन (आग) एवं मोबाईल स्नैचरों के खिलाफ सोडाला एवं श्याम नगर थाना इलाके में संयुक्त कार्रवाई करते हुए शातिर मोबाइल स्नैचर सूरज कुमार बंजारा उर्फ मिर्ची एवं जाकिर खान उर्फ आनू को गिरफ्तार कर कब्जे से स्नेचिंग के 8 मोबाइल और देसी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) और मोबाईल स्नैचरों के खिलाफ सोडाला एवं श्याम नगर थाना इलाके में संयुक्त कार्रवाई करते हुए शातिर मोबाइल स्नैचर सूरज कुमार बंजारा उर्फ मिर्ची (22) निवासी श्याम नगर जयपुर और जाकिर खान उर्फ आनू (21) निवासी सोडाला जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्नेचिंग के 8 मोबाईल एवं अवैध हथियार देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित राह चलते राहगीरों की रैकी कर सुनसान स्थान पर मौका पाकर पीछे से मोबाइल छीनकर भाग जाते है। जब्त स्मार्ट मोबाइलों की बाजार कीमत 03 लाख रुपये है। पुलिस आरोपियों से मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों एवं अवैध हथियार के प्राप्ति स्त्रोत एवं सप्लायर के संबंध में पूछताछ कर रही है।



**आरोपी सूरज कुमार बंजारा उर्फ मिर्ची और जाकिर खान**

■ आरोपियों के कब्जे से आमजन से छीने गए आठ मोबाइल फोन भी बरामद

## मुरलीपुरा क्षेत्र में जयकारों के साथ निकली दो पदयात्राएं

**जयपुर (कासं)।** आर्यनगर मुरलीपुरा स्थित शिव-दुर्गा हनुमान में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

मंदिर के पुजारी कृष्णा शर्मा ने बताया कि सुबह हनुमान जी महाराज का जन्माभिषेक किया गया। शाम को गाजेबाजे और लवाजमे के साथ द्वितीय निशान पदयात्रा निकाली गई। इसमें बडी संख्या में श्रद्धालु हाथ में निशान लेकर चल रहे थे। हाथी-ऊंट, घोड़े के लवाजमे के साथ मंदिर से रवाना होकर पदयात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया गया। इससे पूर्व सुबह हनुमान जी महाराज का पंचामृत अभिषेक कर ध्वजा पूजन किया गया। अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर छप्पन भोग झांकी सजाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ किए।

एक अन्य पदयात्रा भौमियां जी मंदिर से रवाना होकर झोटवाड़ा स्थित बड़ पीपली मंदिर पहुंची। विक्रम रुंडल की अगुवाई में सैंकड़ों पदयात्री हाथ में झंडे लेकर जयकारे लगाते हुए बड़ पीपली मंदिर पहुंचे। मंदिर में ध्वज अर्पित किए।

# पुलिस के बचने के लिए किन्नर बन घूम रहा था शातिर नकबजन

**जयपुर (कासं)।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने 17 साल से फरार चल रहे एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। जो पुलिस से बचने के लिए जेंडर परिवर्तन कर पुरुष से किन्नर बनने जा रहा था। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित ने ठिकाने बदलने के साथ ही उसने अपना नाम भी चेतन से बदलकर चेतना रख लिया था। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

■ 17 सालों से फरार था आरोपी, पुलिस के बचने के लिए ठिकाने बदलने के साथ अपना नाम भी बदल लिया

■ आरोपी अब जैंडर परिवर्तन करवाकर पुरुष से किन्नर बनने जा रहा था, परंतु उससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने 17 साल से फरार चल रहे एक शातिर नकबजन चोर चेतन सिंघीवाल (37) निवासी प्रेम नगर आगरा रोड कानोता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपित को साल 2008 में चोरी के मामले में 13 फरवरी 2008 को गिरफ्तार किया गया था, जिसे कोर्ट में पेश कर उसे जेसी भेज दिया था। और कुछ समय बाद जमानत पर बाहर आने के बाद से ही फरार हो गया। उस समय से ही फरार आरोपी चेतन की तलाश की जा रही थी। आरोपित पुलिस से बचने के लिए बार-बार अपने छिपने के ठिकाने बदलता रहता था। साथ ही उसने अपना नाम चेतन से बदलकर चेतना रख लिया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि किन्नर समाज में शामिल के लिए कागजी कार्रवाई लगभग पूरी हो गई थी। केवल जेंडर परिवर्तन करवाया जाना शेष था। जिसके बाद वह ऑपरेशन करवाकर किन्नर बन समाज में शामिल हो जाता।

थानाधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि फरवरी 2008 में नकबजनी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजने पर जमानत बाहर आ गया था और फिर भाग गया।

पुलिस से बचने के लिए वह जयपुर से बाहर चला गया और फिर बार-बार अपने ठिकाने बदल रहता था। जो चार साल पहले जयपुर में आगरा रोड पर हुलिया बदलकर रहने लगा। काफी सालों से फरार होने के कारण पुलिस को उसको पहचाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बढ़ती उम्र के साथ उसके हुलिया भी बदलाव हो गया और उसको पहचानने वाले पुलिसकर्मियों के भी ट्रांसफर होने के कारण उसको ढूंढना मुश्किल हो गया था। इसके बाद आगरा रोड पर प्रेम नगर में फरार आरोपी चेतन के रहने का पता चला।

पुलिस जवानों के जाकर पूछने पर लोग किसी लड़के के रहने से मना कर देते। शक होने पर पुलिस ने आस-पास के लोगों से पहचान करवाई। जानकारी में सामने आया कि पिछले चार साल से किन्नर बनकर रह रही चेतना ही चेतन है। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

# खटखट गैंग के दो बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

## लोगों का ध्यान भटकाकर और कार का शीशा क्रेक कर बैग-सूटकेस करते थे गायब



**विश्वकर्मा थाना पुलिस ने खटखट गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

**जयपुर** । विश्वकर्मा थाना पुलिस ने खटखट गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने जयपुर में आधा दर्जन से ज्यादा वारदातों अंजाम देना कबूल किया। गैंग के अन्य तीन बदमाशों की तलाश में पुलिस सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। गिरफ्तार गैंग के सदस्यों ने बताया कि लोगों का ध्यान भटका कर व कार का शीश क्रेक कर कार में रखे बैग-सूटकेस से सामान लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ध्यान भटका कर व कार का शीश क्रेक कर कार में रखे बैग-सूटकेस से सामान लेकर फरार होने वाली खटखट गैंग के एम कुमार (27) निवासी तमिलनाडु हाल दिल्ली और सुती उर्फ शक्ति (19) निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों पूछताछ में सामने आया कि वह गैंग में पांच लोग होते हैं। यह लोग एक साथ रहकर भीड़भाड वाले स्थानों पर जाकर रैकी कर ऐसे गाडी वाले व्यक्तियों को चिह्नित करते हैं। जिनकी गाड़ी में बैग या अटैची रखी हो। कार को चिह्नित कर गाड़ी के बोनट पर ऑयल डाल देते हैं। फिर ऑयल नीचे गिरने का कहकर ध्यान भटकाते हैं। पीछे से गैंग के सदस्य गाड़ी में रखे रुपए के बैग- अटैची और अन्य कीमती सामान को चोरी करते हैं। वहीं दूसरा तरीका एक ही जगह खड़ी रहने वाली गाड़ियों, जिनकी सीट पर बैग-अटैची या अन्य कीमती सामान रखा हो। उन्हें चिह्नित करते हैं। गैंग के बदमाश गुलेल से गाड़ी का शीशा तोड़ देते। फिर अन्दर रखा सामान चोरी कर लेते। संगठित गैंग से पूछताछ में सामने आया है कि उन्होंने करधनी थाना इलाके में 31 मार्च को 1 वारदात और 1 अप्रैल को विद्याधर थाना सर्किल में दो वारदात को अंजाम दिया। शिप्रापथ इलाके में 31 से 2 तक दो वारदात की। इन लोगों ने पूछताछ में कई वारदात करना कबूल किया है। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में टीम बदमाशों के संभावित ठिकानों पर निरंतर दबिश दे रही है। गैंग के अन्य सदस्यों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

■ आरोपियों ने जयपुर में शहर में आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला

■ गैंग के अन्य तीन बदमाशों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश देने में जुटी